From the house of
HOME CABLE
HOME NET

# होम टाइम्स

हिंदी

साप्ताहिक शनिवार

FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 I Post Reg. No. MNE/410/2019-21 I Volume 8 I Issue 32 I Saturday, 4th November to 10th November 2023 I Price ~~Rs 3~~

www.hometimes.in www.facebook.com/hometimes.in www.twitter.com/hometimes_news hometimes.in write2us@hometimes.in

# इस दीपावली मुंबई में आतिशबाजी करे कम

## बढ़ते प्रदूषण को लेकर प्रशासन ने की नागरिकों से अपील ● बोर्न फायर पर भी लगा प्रतिबंध

■ **होम टाइम्स टीम**

मुंबई में इस दीपावली कम पटाखे फोड़ने और बोर्न फायर करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुआ प्रशासन की तरफ से यह फैसला लिया गया है।

निर्माण कार्य, वाहनों की बढ़ती संख्या के चलते प्रदूषण बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसी बीच अब दीपावली के पर्व को लेकर बाजारों में पटाखों की बिक्री भी शुरू हो गई है। एक तरफ जहां प्रदूषण को नियंत्रण में लाने के लिए महानगरपालिका की ओर से कई दिशा निर्देशों को जारी कर दिया गया है तो वहीं बुधवार को पालक मंत्री दीपक के सरकार की ओर से भी पत्रकार परिषद



लेकर प्रदूषण कम करने को लेकर छह तकनीक के बारे में जानकारी दी गई है। जिसके चलते वायु प्रदूषण को नियंत्रण में रखा जा सकेगा। मंत्री दीपक केसरकर ने बताया कि मुंबई की सड़कों पर चलने वाली बेस्ट की ३५० बसों में एयर फिल्टर लगाए जाएंगे । इसी के साथ-साथ १० स्थान पर वर्चुअल चिमनी भी लगाई जाएगी। इतना ही नहीं विशेष स्ट्रीटलाइट भी लगाई जाएगी। जो की वायु के शुद्धिकरण में काफी मदद करेगी। दीपावली के तर्ज पर अक्सर देखा जाता है कि मुंबई में जमकर आतिशबाजी और पटाखे फोड़े जाते है। परंतु इस वर्ष पटाखो पर बैन ना लगाते हुए कम पटाखे फोड़ने की अपील नागरिकों से की गई है। इतना ही नहीं ठंडी से बचने के लिए बोर्न फायर करने पर भी प्रशासन की अरसे प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# गाड़ियों पर लगा जुर्माना, नहीं भरने पर जाना पड़ सकता है कोर्ट

## मुंबई ट्रैफिक विभाग ने जारी किया अल्टीमेटम

■ **होम टाइम्स टीम**

ट्रैफिक विभाग की ओर से गाड़ियों पर लगे जुर्माने को वसूलने के लिए नई मुहिम की शुरुआत की गई है। जिसके चलते जुर्माना न भरने पर वाहन चालकों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस काम के लिए वाहन चालकों को १५ दिन का अल्टीमेटम भी दिया गया है।

कई बार यह देखा जाता है कि वाहन चालकों की ओर से यातायात नियमों का पालन नहीं किया जाता है। जिसके चलते इन वाहनों पर यातायात विभाग की ओर से जुर्माना लगाया जाता है। परंतु इस जमाने को वसूलने के लिए कई बार ट्रैफिक विभाग असफल रहता है। इसी को देखते हुए अब मुंबई यातायात विभाग की ओर से जुर्माना वसूलने के लिए नई मुहिम की शुरुआत की गई है। जिसके चलते अब यदि किसी वाहन पर २० हजार से अधिक का जुर्माना बकाया है तो ऐसे वाहन चालकों को १५ दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा। यदि १५ दिनों में वाहन चालकों की ओर से बकाया जुर्माना नहीं भरा गया तब ऐसे वाहन चालकों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस पर ट्रैफिक विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त प्रवीण पडवाल ने बताया कि २० हजार से अधिक जुर्माना वाले लगभग १० हजार ५०० वाहन चालकों को १५ दिन का यह अल्टीमेटम दिया गया है और उन्हें १५ दिन में बकाया जुर्माना भरने को कहा गया है। १५ दिन बाद इन वाहन चालकों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। मुलुंड यातायात विभाग की तरफ से होम टाइम्स को दिए गए आंकड़ों की माने तो २४५ गाड़ियों को इस संदर्भ में नोटिस जारी कर दिया गया है। जिसके बाद कई वाहन चालकों की तरफ से बकाया जुर्माना भरने की शुरुआत भी कर दी गई है। आपको बता दें कि इसके पहले केवल अधिक रकम बकाया रहने वाले वाहन चालकों के घर पर जा कर नोटिस दी जाती थी और उन्हें जुर्माना भरने को कहा जाता था। ट्रैफिक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और इस तरीके की कार्रवाई से बचें ।

Volume : 8 | Issue : 32 होम टाइम्स

# म्हाडा कॉलोनी में मनपा द्वारा बनाई गई घटिया सड़क

## एक वर्ष के अंदर ही सड़क हुई क्षतिग्रस्त


■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व के म्हाडा कॉलोनी में साईनाथ चौक से डेड एन्ड बंगले तक करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई ४०० मीटर सीमेंट कंक्रीट सड़क की गुणवत्ता खराब होने का खुलासा हुआ है। सड़क में जगह-जगह दरारें पड़ी हुई दिख रही हैं। इन बातों को मनपा प्रशासन के संज्ञान में लाये जाने के बावजूद भी संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय महज कुछ जगहों पर दरारे भरने का कार्य किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कर लोगों के उपयोग के लिए इसे शुरू किया जा रहा है।



एक साल पहले, मुलुंड म्हाडा कॉलोनी क्षेत्र में साईनाथ चौक से डेड एन्ड बंगले तक सड़क कॉंक्रीटिंग का काम किया गया था। महानगर पालिका के माध्यम से कराए गए इस कार्य में करोड़ों रुपये खर्च किए गए। ये सारा पैसा जनता की जेब से खर्च किया गया था। लेकिन इसके बावजूद जनता की जेब से खर्च किये गये पैसे से जनता को कोई फायदा नहीं हुआ क्योंकि, एक साल के अंदर ही इस सड़क में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और वह जर्जर अवस्था में है। महानगर पालिका द्वारा प्रारंभ में यह कार्य दो चरणों में किया गया। पहला पैच पूरा होने के बाद नगर पालिका द्वारा दूसरे पैच का काम शुरू किया गया। लेकिन पहले ही पैच पर ३० से ४० दरारें थीं। इसलिए उक्त कार्य की गुणवत्ता को लेकर नागरिकों ने आवाज उठाई। लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया और सड़कों के बीच में रसायन डालकर पैच को नष्ट करने की कोशिश की। लेकिन फिर भी जब यह पैच नहीं बुझा और संबंधित विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश दिये गये, तो इस पैच को ठेकेदार के जरिये से पाटने का प्रयास किया गया। अब तक ७० प्रतिशत सड़कों के पैच उखाड़ दिए गए हैं और उस स्थान पर नए पैच बना दिए गए हैं। कुल मिलाकर यह सड़क एक बार फिर से नवनिर्मित हो गई है। नागरिकों के आवाज उठाने पर इस सड़क की मरम्मत दोबारा शुरू हो गयी है। हालांकि, इस सड़क पर महानगर पालिका करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है और एक बार फिर इसे इसी तरह से पक्का किया जाना है। लेकिन सड़क का बाकी हिस्सा भी खराब होने के कारण नागरिकों की मांग है कि इस सड़क के पैच हटाकर दोबारा मरम्मत कराई जाए। इस बीच उक्त सड़क की शिकायत मिलने पर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सड़क का निरीक्षण किया जायेगा और जहां-जहां दरारें हैं, वहां उचित कदम उठाये जायेंगे।

PRARTHANA SABHA



SHRI SURESH VITHALDAS RAMJI BHINDE

*Age - 68 years (16/05/1955 - 01/11/2023)*

(s/o Late Rukshmaniben & Vithaldas Ramji Bhinde)

(s/law of Late Manjulaben & Manji Pragji Kotak)

*Has peacefully left for his heavenly abode*
*on 1st November, 2023 surrounded by his family and loved ones.*
*His memory will forever be etched in our hearts.*

***Fondly remembered by***

*Wife* : Jyotiben Suresh Bhinde

*Brother* : Usha Manoj Bhinde, Nayana Dilip Bhinde, Sheela Bipin Bhinde

Sister : Manglaben Jamnadas Ganatra, Maya Mohanlal Aiya & Neeta Vinod Thakkar

*Brother in law* : Kalpana Vinod Kotak & Kalpana Kamlesh Kotak

*Sons* : Kalpesh & Darshan ✦ *Daughters in law* : Urmi & Henny


*Grandchildren* : Hansh, Hiya, Pihu

and entire family.

Prayer meeting will be held in his memory
on **Saturday, 4th November 2023**, between **5.00 to 7.00 pm**
at D-2, Parmeshwari center, Madan Mohan Malviya Rd,
Near Achija Hotel, Mulund (W), Mumbai -80.
*(Valet Parking Available)*

II JAI SHRI KRISHNA II

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



### स्व. श्री सुरेश विट्ठलदास रामजी भींडे

(स्वर्गवास - बुधवार, ०१/११/२०२३)

आप हमारे दिल में हमेशा के लिए फलते-फूलते रहेंगे,
आपकी यादें हमेशा जिंदा रहेंगी
शोक संतप्त परिवार को शक्ति प्रदान
करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना

श्रद्धासुमन : गिरीश कोठारी

# प्रदूषण फैलाने वाले डेवलपर्स को टी वार्ड की वार्निंग

## ६० डेवलपर्स के साथ आयोजित की गई सहायक आयुक्त की बैठक

■ होम टाइम्स टीम

मुंबई समेत उपनगरों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से नागरिकों के स्वास्थ्य का मुद्दा सामने आ गया है। इस प्रदूषण के कारण बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी सर्दी, खांसी जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं। मनपा प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए अब हर वार्ड स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुलुंड के टी वार्ड द्वारा मुलुंड के सभी वार्डों में डेवलपर्स की एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सभी डेवलपर्स को १५ दिनों के भीतर प्रदूषण रोकने के लिए उचित उपाय करने का निर्देश दिया गया है। इस समय हर निर्माण स्थल पर धूल के स्तर को कम करने के लिए निर्माण क्षेत्र में स्प्रिंकलर लगाने का निर्देश दिया गया है ताकि यह हवा में न मिल सके। इसके साथ ही धूल को हवा में उड़ने से रोकने के लिए स्मोक डिटेक्टर लगाने, किसी संरचना की ऊंचाई कम होने पर २५ फीट तक बैरिकेडिंग करने, ग्रेनाइट टाइल्स आदि लगाने का निर्देश वार्ड कार्यालय की ओर से दिया गया है। बैठक मुलुंड के टी वार्ड के सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन और विधायक मिहिर कोटेचा की उपस्थिति में आयोजित की गई थी। इस बैठक में ६० डेवलपर्स और उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वार्ड कार्यालय की ओर से सभी मामलों को १५ दिनों के अंदर पूरा करने का आदेश दिया गया है। लेकिन विकासक असमंजस की स्थिति में है कि इतने कम समय में प्रदूषण को रोकने के लिए आवश्यक स्प्रिंकलर और स्मोक गन की मांग को कैसे पूरा किया जाए। बाजार में इन सभी चीजों के लिए जरूरी सामान की कमी होने के कारण ये समय पर उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। ऐसा डेवलपर्स का कहना है। इसका समाधान भी नगर निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।



# अब डेंगी के सैंपल की भी होगी जीनोम सीक्वेंसिंग

## बढ़ते मामलों को देखते हुए मनपा की नई मुहिम

## ● बीएमसी सैंपल्स की कर रही है जांच

■ होम टाइम्स टीम

डेंगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए मनपा की ओर से इन सैंपल की भी जीनोम सीक्वेंसिंग किए जाने का फैसला लिया गया है। फिलहाल मनपा के डिस्पेंसरी और अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पतालों से भी यह सैंपल कलेक्ट किए जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष डेंगी और मलेरिया के मामलों में काफी इजाफा हुआ है। ऐसे में बीएमसी ने डेंगी के मरीजों के सैंपल के जीनोम सीक्वेंसिंग करने का निर्णय लिया है। जीनोम सीक्वेंसिंग करने से बीएमसी को यह पता चलेगा कि आखिरकार डेंगी वायरस का कौन सा स्ट्रेन नागरिकों के लिए सबसे ज्यादा धोखे का विषय बनता जा रहा है। बीएमसी मौजूदा समय में जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल कलेक्ट कर रही है। यह सैंपल बीएमसी के डिस्पेंसरी, अस्पतालों और निजी अस्पतालों से भी एकत्रित किए जा रहे हैं। डेंगी के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर मरीजों के ब्लड सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग की जाएगी। आंकड़ों की माने तो बीएमसी स्वास्थ्य विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार १ जनवरी से लेकर २२ अक्टूबर तक डेंगी के ४ हजार ३८४ मामले सामने आए थे। मुलुंड की बात करें तो मुलुंड में १८ दिनों के भीतर ५२ डेंगी के मामले दर्ज किए गए थे। जिसके बाद प्रशासन की चिंता बढ़ गई थी। फिलहाल बीएमसी की ओर से एक तरफ जहां जीनोम सीक्वेंसिंग का विचार किया गया है तो वहीं दूसरी तरफ नागरिकों से भी सावधानी बरतने की अपील की गई है।



# संपादकीय

हिमांशु कोठारी

## इको फ्रेंडली दीपावली मनाओ, प्रदूषण को दूर भगाओ

दीपावली का उत्सव आने के लिए सिर्फ ८ दिन बाकी है । इस वर्ष दीपावली महापर्व की शुरुआत शुक्रवार १० नवंबर २०२३ को धनतेरस से होगी और बुधवार १५ नवंबर २०२३ को भैया दूज के साथ ही इस महापर्व का समापन हो जाएगा। इसी के मद्देनजर मुलुंड के कई इलाकों मे बाजार सज चुके है । आने वाले शनिवार और रविवार को नागरिक भी दीपावली की खरीददारी के लिए घर से बाहर आएंगे । लेकिन मुंबई में बढ़ रहे प्रदूषण से बचकर हमें इस वर्ष की दीपावली मनाना है । दशहरा के बाद दीपावली और उसके बाद क्रिसमस ,नया साल सभी त्योहार एक के बाद एक है ।लेकिन इन बढ़ते प्रदूषण पर भी रोक लगाना काफी जरुरी हो गया है। इसके लिए मुंबईकरो को ही आगे आना होगा और नियमों का पालन करना होगा। पटाखों के प्रदूषण के कारण वायुमंडलीय प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, जिसके कारण वायुमंडलीय स्वास्थ्य समस्याएं और अस्तित्व के लिए खतरा हो सकता है। यह विशेषकर बच्चों, बूढ़ों, और वायुमंडलीय बीमारियों वाले लोगों के लिए खतरा पैदा करता है। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दीपावली में कुछ उपायों का पालन किया जा सकता है। पटाखों के उपयोग को कम करें या पूरी तरह बंद करें। अधिकतम एयर पॉल्यूशन स्तर के दौरान बाहर जाने से बचें। वायु शुद्धिकरण के उपकरण जैसे कि एयर प्यूरीफायर और अधिक से अधिक पौधे लगाए । योग्य फेस्क मास्क का उपयोग करें, विशेषकर यदि आप बच्चे, बूढ़े लोग, और अस्थमा जैसी बीमारियों के लिए संवेदनशील हैं। प्रदूषण की वजह से कई लोग बीमार पड़ रहे है। वैसे तो दीपाली प्रकाश का पर्व है लेकिन इस त्योहार में बड़े पैमाने पर आतिशबाजी की जाती है। हर साल पटाखे फोड़ने से जनसामान्य पर बुरा असर पड़ता है तो साथ ही वातावरण मे वायु प्रदूषण का ग्राफ काफी बढ़ जाता है । खासकर बीमार व बुजुर्ग नागरिकों को वायु प्रदूषण से खासी दिक्कत होती है। वहीं अब कोरोना का संक्रमण भी परवान चढ़ा हुआ है । श्वसन संबंधित बीमारियों की जड़ अब वायु प्रदूषण के साथ कोरोना भी है । इसलिए पटाखों की बजाए अधिक से अधिक दिए जलाए और दीपावली मनाएं। हर इंसान सोचता है कि मेरे अकेले सावधानी बरतने से क्या होगा ? परंतु यदि हर व्यक्ति अपनी सोच में बदलाव लाए और बढ़ते प्रदूषण को कम करने की सोचे तो शायद जल्दी ही मुंबई भी स्मॉग फ्री हो जाएगी। आपके द्वारा उठाया गया हर एक कदम नागरिको के लिए वरदान साबित हो सकता है। पटाखों को लेकर बच्चों की बेफिजूल मांगों को पूरा न करें।

जहां दीपो की बात हो वहां हम काफी रोशनी करते है। इसी के चलते अब मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ गई है। वहीं पिछले कई सालों प्रधानमंत्री द्वारा लोकल फॉर वोकल पर जोर दिया जा रहा है। इसी के चलते नागरिकों ने भी दीपावली में चाइनीस झालरों का इस्तेमाल कम करना चाहिए। धीरे धीरे परम्परा को पीछे छोड़ती हुई दीपवाली मनाने का नया ट्रेंड शुरू हो गया है। पहले के समय दीपवाली में मिटटी के दिए लगाए जाते है जिसमें तेल और बाती लगाकर घरों में रौशनी की जाती थी। लेकिन आजकल नए खुशबू वाले कैंडल जलाकर लोग दीपावली मना रहे है। लेकिन यह कहीं न कहीं हानिकारक भी साबित हो रहा है। तो वहीं इन आकर्षक वस्तुओं के चलते लोग स्थानीय सामान को कम खरीदते हैं। जिस वजह से दुकानदार भी ग्राहकों की पसंद को देखते हुए दुकानों पर चाइनीज माल रखते है। सजावटी फूल, रंग-बिरंगी बिजली की झालरें, स्टीकर, रेडीमेड रंगोली आदि को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। लोग भले ही देशभक्ति की बातें करें और कहें कि हमें स्वदेशी चीजें अपनानी चाहिए। लेकिन इन त्योहारों के समय कोई भी अपने देश और उसकी मिटटी से जुड़े व्यवसाय के बारे में नहीं सोचता है। जिस तरह इको फ्रेंडली होली मनाते है उसी तरह पारम्परिक दीपावली मनाने की भी जरूरत है। स्टीकर की जगह रंग बिरंगे रंगो की रंगोली तो आर्टिफिशियल प्लास्टिक के तोरण की जगह गेंदे के फूल का हार दरवाजे पर अधिक शोभा देता है। वहीं मिटटी के दियो में बाती लगाकर जो रौशनी की जाती है वह मजा मोमबत्ती के दिए जलाने में नहीं आता है। अभी से हर एक परिवार ने पारम्परिक दीपावली मनाने का प्रण लेना जरुरी है तभी भविष्य में आने वाली पीढ़ी इसका महत्व समझ पाएगी।

# अक्टूबर हीट से मुंबईकरों को मिली राहत



■ होम टाइम्स टीम

उत्तर से आने वाली हवा के चलते मुंबई के मौसम में बदलाव हुआ है। जिसके चलते अक्टूबर हीट से नागरिकों को राहत मिली है। आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरीके से मुंबई का मौसम बरकरार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

मुंबईकरों को बीते दिनों अक्टूबर हीट के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आंकड़ों की माने तो दोपहर के समय मुंबई के कुछ इलाकों में तापमान ३५ डिग्री तक जा पहुंचा था। परंतु अब मुंबई के मौसम में बदलाव होना शुरू हो गया है। उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं ने मुंबई के मौसम को बदल दिया है और मुंबई सहित महाराष्ट्र के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरीके से मौसम के रहने की उम्मीद मौसम विभाग की ओर से जताई गई है। नवंबर के पहले सप्ताह से तापमान में धीरे-धीरे और गिरावट देखी जा सकती है। बहरहाल मौसम में हुए इस बदलाव के बाद अक्टूबर हीट के कारण परेशानी झेल रहे मुंबईकरों ने राहत की सांस ली है।



मुलुंड पुलिस स्टेशन के बाहर ड्रेनेज लाइन की दयनीय अवस्था देखी गई है। यह मुलुंड के व्यस्त सड़कों में से एक माना जाता है। कई दिनों से ड्रेनेज लाइन की दयनीय अवस्था के बाद भी महानगरपालिका इस पर कोई एक्शन नहीं ले रही है। जिसके चलते यह ड्रेनेज लाइन अब दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है ।

# मध्य रेलवे की ओर से स्लो ट्रैक पर चलाई जाएगी १० नई ए सी गाड़ियां

## नागरिकों में देखी गई नाराजगी

■ होम टाइम्स टीम

नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए मध्य रेलवे की ओर से स्लो ट्रैक पर १० नई वातानुकूलित लोकल चलाने का फैसला लिया गया है जो ६ नवंबर से शुरू की जाएगी। हालांकि नागरिकों की ओर से रेलवे प्रशासन के इस फैसले को लेकर नाराजगी देखी जा रही है और वातानुकूलित लोकल के किराए में कमी करने की मांग नागरिकों की ओर से की गई है।

मध्य रेलवे की तरफ से यात्रियों की सुविधाओं के लिए १० नए ए सी लोकल की शुरुआत किए जाने का फैसला लिया गया है। ६ नवंबर से यह सुविधाओं की शुरुआत की जाएगी। जिसके बाद सेंट्रल लाइन पर चलने वाली ए सी लोकल की संख्या ५६ से बढ़कर ६६ हो जाएगी। यह नई ए सी ट्रेनों का संचालन सोमवार से लेकर शनिवार के बीच किया जाएगा। यह सभी लोकल स्लो ट्रैक पर दौड़ेगी। आपको बता दें कि रूट पर अतिरिक्त ए सी ट्रेन चलाने के लिए रेलवे की ओर से १० नॉन ए सी ट्रेन को ए सी ट्रेन में परिवर्तित कर दिया गया है। सीएसएमटी से अंबरनाथ, सीएसएमटी से कल्याण, सीएसएमटी से डोंबिवली और सीएसएमटी से परेल आदि तक यह ट्रेन की सुविधा शुरू की जाने वाली है। अनुमान लगाया जा रहा है कि मध्य रेलवे के इस प्रयास से अब रेलवे से यात्रा करने वाले नागरिकों को एक बड़ी राहत मिलेगी। एक तरफ जहां मध्य रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए ए सी लोकल की संख्याओं में इजाफा किया गया है तो वहीं दूसरी तरफ नागरिकों में रेलवे के फैसले को लेकर नाराजगी देखी जा रही हैं। नागरिकों का मानना है कि ए सी रेलवे की तुलना में आम रेलवे से अधिकतम नागरिक सफर करते हैं क्योंकि ए सी रेलवे का किराया बहुत अधिक होता है। मध्य रेलवे को ए सी लोकल की संख्याओं में इजाफा करने के साथ-साथ इसके किराए कम करने पर भी उपाय निकालना चाहिए। धीरे-धीरे ए सी लोकल की संख्याओं में इजाफा करने और नॉन ए सी लोकल को वातानुकूलित ए सी लोकल में परिवर्तित करने से नागरिकों पर इसका असर देखने को मिलेगा।



"वातानुकूलित लोकल का किराया बहुत होता है और१० के किराए के बदले में नागरिकों को ४० से ५० तक का भुगतान करना पड़ता है जिससे नागरिकों के जेब पर असर पड़ता है इसलिए वातानुकूलित लोकल की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उसके किराए को कम करने पर भी प्रशासन को विचार करना चाहिए।

**– बिंदू पाल,** रेलवे यात्री

"नागरिकों की सुविधा के लिए रेलवे इस तरीके की मुहिम की शुरुआत करने जा रही है परंतु अभी भी कई नागरिक ऐसे हैं जिनके लिए रेलवे एकमात्र उपाय होता है जिससे वह काम पर किफायती दरों में आसानी से पहुंच जाते हैं मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले लोगों के बारे में भी रेलवे प्रशासन को सोचना चाहिए।

**– विवेक जाधव,** रेलवे यात्री

# पार्किंग जोन के खिलाफ सड़क पर उतरी एमएनएस हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्रशासन का जताया विरोध

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्या का समाधान प्रशासन अभी तक निकाल नहीं पाया है। एक ओर जहां अनावश्यक स्थानों पर पार्किंग जोन बनाए गए हैं, वहीं दूसरी ओर जिन स्थानों पर पार्किंग की सुविधा जरूरी है, वहां खड़ी कारों पर महानगर पालिका और परिवहन विभाग द्वारा भारी जुर्माना लगाया जा रहा है। इस कार्रवाई के खिलाफ मनसे ने मुलुंड पूर्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया था।



मुलुंड में विभिन्न स्थानों पर मनपा प्रशासन द्वारा पार्किंग जोन बनाए गए हैं। लेकिन उसका सही नियोजन नहीं किये जाने के कारण इस पार्किंग जोन को वाहन चालकों का बहुत कम रिस्पॉन्स मिल रहा है। एक ओर महानगर पालिका और परिवहन विभाग, वाहनों को पार्किंग जोन में खड़ा करने की अपील कर रहा है। लेकिन दूसरी ओर महानगर पालिका द्वारा पार्किंग व्यवस्था संभालने में असफल होने के कारण वाहनों को रस्ते के दोनों ओर पार्क किया जा रहा है। इसके समाधान के रूप में, मनपा प्रशासन ने मुलुंड पूर्व क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नो पार्किंग बोर्ड लगाकर दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन की इस कार्रवाई का मनसे की ओर से विरोध किया जा रहा है। इसके लिए मनसे की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। मनसे उपाध्यक्ष सत्यवान दलवी के नेतृत्व में यह हस्ताक्षर अभियान मुलुंड पूर्व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चलाया गया। नागरिकों के हस्ताक्षर अभियान के बाद उक्त बयान परिवहन विभाग व नगर निगम प्रशासन को दिया जाने वाला है। नो पार्किंग साइन के कारण उन स्थानों पर वाहन पार्क करने पर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर बाइक चालकों पर हो रहा है। दरअसल ये बोर्ड मुलुंड पूर्व रेलवे स्टेशन क्षेत्र, हनुमान चौक, म्हाडा कॉलोनी जैसे कई ट्रैफिक स्थानों पर लगाए गए हैं। इसके अलावा इस स्थान पर परिवहन विभाग द्वारा रोजाना कार्रवाई की जा रही है। इसका असर वाहनचालकों पर पड़ रहा है। इसलिए मनसे की मांग है कि जब तक मुलुंड पूर्व में पार्किंग की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक यहां सड़कों पर अनावश्यक नो पार्किंग का बोर्ड नहीं लगाया जाए।

# एक ही रात में कई दुकानों के शटर तोड़कर की गई चोरी

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड परिसर से एक ही रात में ५ दुकानों का शटर तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। मुलुंड पुलिस की तरफ से चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। परंतु एक ही रात में चोरों की ओर से दुकान का शटर तोड़कर इस तरीके की घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस की गश्त को लेकर भी नागरिकों के मन में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मुलुंड में इन दिनों घरों और दुकानों में घुस कर चोरी करने के मामलों में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। ऐसी ही एक घटना शुक्रवार की तड़के सुबह मुलुंड में उजागर हुई है। जहां मुलुंड पश्चिम एलबीएस रोड स्थित रूनवाल कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में एक ही समय दो दुकानों का शटर तोड़कर चोरी की गई। इसी के साथ साथ मुलुंड पश्चिम एस एन रोड और पांच रास्ता परिसर में भी दो अज्ञात लोगों ने शटर तोड़कर चोरी करने की कोशिश की। इतना ही नहीं मुलुंड के कई अन्य दुकान में भी इसी तरीके से चोरी करने की कोशिश की गई है। ख घटना के उजागर होने के बाद मुलुंड पुलिस की और से चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की तहकीकात जारी है। परंतु दो युवकों की तरफ से मुलुंड परिसर में ५ चोरी करने के सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस की गश्त को लेकर नागरिकों ने कई तरह के सवाल खड़े किए है।

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना






"पुलिस गश्त पर कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाया जा रहा है क्योंकि एक ही रात में इस तरह की कई दुकानें तोड़ी गई, त्योहारी सीजन के चलते दुकानों में भी विभिन्न प्रकार के स्टॉक को लोड किया जाता है ताकि नागरिक शॉपिंग कर सके। इस तरीके की घटना को गंभीरता से लेना चाहिए और परिसर में पुलिस की तैनाती करने के साथ-साथ गश्त को भी बढ़ना चाहिए।

– **धर्मेश मिश्रा**, मुलुंड रहिवासी

"मुलुंड में इस तरीके की घटना पहली बार उजागर हुई है जहांअंधेरे का फायदा उठाकर शटर तोड़कर दुकानों में चोरी की गई है। इस घटना से सबक लेते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ना चाहिए और पुलिस को भी गस्त बढ़ानी चाहिए।

– **प्रतीक जोशी**, मुलुंडकर

# मनपा द्वारा जारी दिशानिर्देशों के बाद मुलुंड के निर्माणाधीन साइट को नोटिस देने का काम शुरू

■ होम टाइम्स टीम

बीते सप्ताह मुंबई महानगरपालिका की ओर से मुंबई में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए जारी किए गए दिशा निर्देशों के बाद मुलुंड टी वार्ड की ओर से निर्माणाधीन साइट पर चल रहे कामों को नोटिस देने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मुलुंड में अब तक दो बिल्डर को वर्कस्टॉप नोटिस दे दी गई है।

उल्लेखनीय है कि मुंबई की वायु गुणवत्ता दिल्ली से भी खराब होती जा रही है। इसको लेकर बीते दिनों एक सर्वे भी किया गया था। जिसमें निर्माणाधीन साइट और मुंबई में चल रहे निर्माण कार्यों को जिम्मेदार ठहराया गया है। जिसके बाद मुंबई महानगरपालिका की ओर से इन निर्माणाधीन साइट को लेकर कई दिशा निर्देशों को जारी कर दिया गया और जल्द से जल्द इस पर अमल करने की बात कही गई। इसी को लेकर एक तरफ जहां मुलुंड के कई इलाकों में इन नियमों का पालन किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अभी भी कई ऐसे निर्माणाधीन साइट है जहां पर इन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसको लेकर मुलुंड में अब तक दो बिल्डरों को नोटिस दे दिया गया है जिनमें प्रेस्टीज ग्रुप और नीलम बिल्डर का समावेश है। इन दोनो बिल्डर के चल रहे साइट पर वर्क स्टॉप ऑर्डर दे दिया गया था। परंतु आर्डर जारी होने के बाद भी यह काम शुरू था। जिसके चलते इस परिसर में रहने वाले नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाला एक नराधम गिरफ्तार

## सुबह जल्दी काम पर जाने वाली अकेली महिलाओं को बनाता था निशाना

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में सिलसिलेवार छेड़छाड़ करने वाले एक आरोपी का आखिरकार मुलुंड की नवघर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस पिछले साल से इस सीरियल मोलेस्टर की तलाश में थी। उसके खिलाफ दर्ज एक शिकायत के बाद, पुलिस ने कुशल जांच के माध्यम से इस सिलसिलेवार छेड़छाड़ करने वाले को पकड़ लिया।

मुलुंड पूर्व में सुबह-सुबह काम के लिए घर से बाहर निकलने वाली महिलाओं के साथ सुनसान जगहों पर यौन उत्पीड़न किया जा रहा था और इस तरह की हरकतें पिछले १ साल से शुरू थी । इस संबंध में मुलुंड पुलिस स्टेशन को शिकायतें मिल रही थीं। लेकिन पुलिस इस बात की जांच नहीं कर पाई कि आखिर ये शख्स कौन है?



आखिरकार ७ अक्टूबर को महिला इसी तरह की शिकायत लेकर नवघर पुलिस स्टेशन आई। उसके द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने का काम तेज कर दिया। पुलिस की क्राइम इन्वेस्टिगेशन यूनिट की टीम ने काम करना शुरू कर दिया। यह व्यक्ति सुबह-सुबह दोपहिया वाहन पर आता था और सुनसान सड़क से जा रही महिलाओं के साथ अश्लील हरकते करता था और वहां से फरार हो जाता था। अपराध करने का उसका तरीका सभी मामलों में एक जैसा था। इसलिए, नवघर पुलिस ने लगभग ४०० सीसीटीवी फुटेज की जांच की और यह जानकारी एकत्र की कि यह आरोपी वास्तव में कहां तक यात्रा करता है। इसके साथ ही पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति से भी पूछताछ की जो अपराध के दिन उसके साथ था। उससे पूछताछ करने पर पुलिस को आरोपी मिल गया। सुरेंद्र वंजारी नामक ३२ साल का नराधम ठाणे के कोपरी इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने तुरंत सुरेंद्र वंजारी को धर दबोचा। वह एक होटल में कैशियर के पद पर कार्यरत था। वह सुबह-सुबह मुलुंड इलाके में आता था और काम के लिए बाहर जा रही महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करता था और तुरंत घटनास्थल से भाग जाता था। वह पुलिस को गुमराह करने के लिए मुलुंड पूर्व और पश्चिम में एक घंटे तक गाड़ी चलाता था। ताकि सीसीटीवी फुटेज से भी कोई उसका पता न लगा सके। उसके बाद वह ठाणे जाता था। कुछ देर उस स्थान पर घूमने के बाद वह अपने घर चला जाता था। लेकिन पुलिस ने के सराहनीय कार्य और जाँच की वजह से आख़िरकार वह ठाणे से पकड़ा गया और उसे जेल भेज दिया गया । उक्त कार्रवाई नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दत्तात्रेय गिरफ मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक धाडवे और दस्ते के सुरेश पाटिल, शिवकुमार वाघचौरे, संतोष गुटे, काले ने की।

# बिजली का झटका लगने से ६ वर्षीय बच्चे की हुई मौत

■ होम टाइम्स टीम

## बच्चे की मौत का जिम्मेदार कौन?

महावितरण के खुले बिजली के वायर से संपर्क में आने के बाद ६ वर्षीय बच्चे की मौत होने का मामला मुलुंड में सामने आया है। हालांकि मुलुंड पुलिस की ओर से आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार ६ वर्षीय अर्णव भंडारे मुलुंड पश्चिम शंकर टेकडी में अपने परिवार के साथ रहता था। २९ अक्टूबर की दोपहर ३ बज कर ३० मिनट पर अर्णव अपने घर के बाहर बिल्ली के साथ खेल रहा था और खेलते खेलते अर्णव के घर के पास ही में खुले एमएसईबी के वायर के साथ उसका संपर्क हुआ और अर्णव जगह पर बेहोश होगया। जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। बाद में अर्णव को मुलुंड के जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।



हालांकि अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने अर्णव को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल इस संदर्भ में मुलुंड पुलिस की ओर से आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच की जा रही है। तो वहीं अपने नाबालिग बेटे की मौत को लेकर मृतक के घर वालों का कहना है कि वह कई वर्षों से इस इलाके में रहते हैं और इस तरीके की यह पहली घटना है प्रशासन को और महावितरण को इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए था और इस वायर का कोई विकल्प निकालना चाहिए था। जिसके चलते इस तरीके की घटना को रोका जा सकता था। मुलुंड में अभी भी कई ऐसे इलाके हैं जहां इस तरीके के वायर देखे गए हैं ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर इस तरीके की घटना को लेकर कौन जिम्मेदार है?

# आगे खतरा है... एरोली ब्रिज रास्ता बना मौत का कुआं

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड ईस्टर्न एक्सप्रेस वे के पास ऐरोली ब्रिज वाहन चालकों के लिए मौत का जाल बन गया है। पिछले दो माह में इस स्थान पर चार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इसी कड़ी में मंगलवार को तेज रफ्तार वाहन के नियंत्रण खोने से हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।



विक्रोली के रहने वाले मनसब अली खान सुबह करीब १०:०० बजे अपने दो साथियों के साथ ऑफिस के काम से वाशी जा रहे थे। ईस्टन एक्सप्रेस वे पर ऐरोली ब्रिज की ओर टोल रोड पार करते समय उनके सामने वाले डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। डंपर से टकराने से बचने के लिए उसने डंपर को दाहिनी ओर मोड़ लिया। लेकिन वाहन की गति तेज होने के कारण डंपर डिवाइडर के ऊपर से दूसरी तरफ की लेन में चला गया और सामने आ रहे टेंपो ट्रक से टकरा गया। इस घटना में मनसब और उसका साथी घायल हो गये। उन्हें तुरंत मुलुंड के वीर सावरकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें डॉक्टर ने बताया कि मनसब के साथी मोहसिन मोहम्मद इब्राहिम की इलाज के दौरान मौत हो गई। नवघर पुलिस स्टेशन की सीमा में ऐरोली ब्रिज पर हुए हादसों का ये सिलसिला अभी भी जारी है। मुलुंडकर इस सड़क को दुर्घटना प्रवाह क्षेत्र घोषित कर गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# मुलुंड निवासी के घर से चुराए गए २ लाख से अधिक के सोने के जेवरात, मामला दर्ज

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड निवासी के घर में घुसकर २ लाख २६ हजार रुपए के सोने के जेवरात की चोरी करने का मामला सामने आया है। फिलहाल नवघर पुलिस की ओर से आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अमोल सावंत मुलुंड पूर्व का रहिवासी है। २६ तारीख की शाम शिकायतकर्ता अपने किसी निजी काम से घर से बाहर गया था। शाम ७:३० बजे जैसे ही वह घर वापस लौटा तब उसने देखा कि घर में रखे हुए सोने के जेवरात और पैसे गायब है। जिसमें ४५ हजार रुपए के ढाई तोले का हार, ४५ हजार रुपए कीमत के सोने के मंगलसूत्र, १५ हजार रुपए के ५ ग्राम के सोने की चेन आदि शामिल है। चुराए गए जेवरात की कीमत २ लाख २६ हजार रुपए बताई जा रही है। इस घटना के उजागर होने के बाद शिकायतकर्ता ने सीधे नवघर पुलिस स्टेशन में जाकर घटना की जानकारी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए नवघर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा ३८० के तहत मामला दर्ज कर लिया और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# वसंत गार्डन के महिला शौचालय में मिली महिला की जली हुई लाश

## परिसर में फैली सनसनी

■ **होम टाइम्स टीम**

रविवार की रात मुलुंड के वसंत गार्डन में महिला की जली हुई लाश मिलने से परिसर में सनसनी फैल गई। फिलहाल मृतक की पहचान कर आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की अधिक तहकीकात मुलुंड पुलिस की ओर से की जा रही है।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार रविवार की रात मुलुंड पश्चिम वसंत गार्डन में महिला शौचालय में आग लगने की जानकारी सामने आई थी। जिसके बाद स्थानीय रहवासियों की ओर से अग्निशमन दल और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। आग पर काबू पाने के बाद पता चला कि इस शौचालय में एक महिला





जख्मी रूप से गिरी हुई है। महिला को तुरंत नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया । हालांकि अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर की ओर से महिला को मृत घोषित कर दिया गया। महिला की पहचान ३५ वर्षीय स्नेहल बोबडे बताई जा रही है। स्नेहल ठाणे की निवासी है। मृतक की पहचान इस गार्डन के शौचालय में पड़े उसके पर्स से की गई । इस पर परिमंडल ७ के पुलिस उपायुक्त पुरुषोत्तम कराड ने बताया कि परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा गया है कि यह महिला इस गार्डन में अकेली आई थी। फिलहाल आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# घर का दरवाजा तोड़कर सोने के जेवरात चुरा ले गए चोर

## मुलुंड पुलिस ने शुरू की जांच

■ **होम टाइम्स टीम**

अज्ञात व्यक्ति ने घर का दरवाजा तोड़कर घर में रखे सोने के जेवरात चुराने और घर की बालकनी से कूद कर रफ चक्कर होने का मामला मुलुंड पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। एक तरफ जहां मुलुंड पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ लगातार बढ़ रहे इस तरीके की घटनाओं को देखते हुए नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील भी की गई है।

मिल रही जानकारी के अनुसार ३२ वर्षीय शिकायतकर्ता अक्षय पाठक वीणा नगर का रहिवासी है। २७ अक्टूबर को शिकायतकर्ता अपने परिवार वालों के साथ नासिक गया था। अगले दिन अक्षय के पड़ोसी ने उसे फोन करके यह जानकारी दी कि घर का दरवाजा तोड़कर उसके घर में दो अज्ञात लोग घुस गए है। हालांकि जब पड़ोसी ने उन्हें आवाज लगाई तब वह घर की बालकनी से कूद कर फरार हो गए। इसके बाद शिकायतकर्ता नासिक से लौट कर जब अपने घर पहुंचा तब उसने देखा कि घर में रखें हुए सोने के जेवरात गायब है। इसमें ४ ग्राम के १६ हजार कीमत के मंगलसूत्र, एवं अन्य कई सोने के जेवरात शामिल है। जिसकी कुल कीमत २५००० रुपए बताई जा रही है। इसके बाद शिकायतकर्ता की ओर से मुलुंड पुलिस स्टेशन में जाकर घटना की जानकारी दी गई।

मुलुंड पुलिस की ओर से आईपीसी की धारा ३४, ३८० और ४५४ के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

# मोबाइल चला गया और पैसा भी...

## सस्ता आईफोन खरीदने के लालच में गंवा दिए ८४ हजार रुपये

■ **होम टाइम्स टीम**

मोबाइल प्रेमियों के बीच आईफोन का क्रेज बढ़ता जा रहा है। इसी का फायदा उठाकर सस्ता आईफोन पाने के चक्कर में मुलुंड के आतिफ खान नाम के व्यक्ति को करीब ८४ हजार रुपए का चूना लग गया ।

मुलुंड में रहने वाले आतिफ खान ने एक्स साइट पर ८४ हजार में ळझहेपश १४ झी मोबाइल देखा था। उन्होंने इस पोस्ट को पोस्ट करने वाले राजेंद्र कोली नाम के शख्स को मैसेज भेजा कि वह मोबाइल खरीदने के लिए तैयार हैं, जिसके बाद राजेंद्र कोली ने कहा कि अगर उन्हें मोबाइल चाहिए तो उन्हें मुलुंड के सिद्धिविनायक मोबाइल शॉप पर आना होगा। इसके बाद आतिफ ने सिद्धिविनायक टेलीकॉम जाकर उक्त मोबाइल देखा तो पता चला कि वह एक बॉक्स पैक था। इस दुकान में एक व्यक्ति से राजेंद्र कोली की बात भी हुई। इसके बाद आतिफ ने मोबाइल खोलकर उसमें अपनी एप्पल आईडी डाली और मोबाइल पर स्क्रीन गार्ड लगाकर दोबारा राजेंद्र कोली से फोन पर संपर्क किया। इसी दौरान जब राजेंद्र कोली ने उससे पैसों की मांग की तो आतिफ ने राजेंद्र कोली के यूपीआई अकाउंट में ८४ हजार ट्रांसफर कर दिए। जैसे ही वह दुकान छोड़ रहा था, दुकान का मालिक वहां आया और आतिफ से मोबाइल फोन के बारे में पूछा और कहा कि उसने इसके लिए भुगतान नहीं किया है। लेकिन आतिफ ने मालिक को सारी बात बता दी। यह सुनकर दुकान में हड़कंप मच गया। उन्होंने अपने कर्मचारी से भी पूछा। लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। आखिरकार दुकान मालिक और आतिफ मुलुंड पुलिस स्टेशन गए और राजेंद्र कोली नाम के शख्स के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। सस्ते दाम में आईफोन पाने के लालच में आतिफ ने ८४ हजार रुपये तक गंवा दिए। इस तरह उसका मोबाइल फोन भी गया और पैसे भी। अब मुलुंड पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# ठेकेदार से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

## नए पी.एम.जी.पी. कॉलोनी में ट्रांजिट कैंप के काम को लेकर जबरन वसूली का आरोप

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड में एक ट्रांजिट कैंप के विध्वंस के बाद बचे लोहे को ट्रक में भरकर ले जाने के लिए ८,००० रुपये की मांग करने वाले एक मजदूर को नवघर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतीश गायकवाड़ के रूप में हुई है, जिसने अपने भाई चंद्रसेन की मदद से ठेकेदार से रंगदारी मांगी थी। इसी के तहत पुलिस ने मामला दर्ज कर यह कार्रवाई की है।

कुर्ला के ७५ वर्षीय शिकायतकर्ता व्यवसायी द्वारा पुलिस में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, वह मुलुंड पूर्व के न्यू.पी.एम.जी.पी. कॉलोनी के ट्रांजिट कैंप की बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण से निकले लोहे के स्क्रैप को ले जाने का काम कर रहे थे। तब दोनों आरोपी भाइयों सतीश और चंद्रसेन ने उनसे प्रत्येक ट्रक के लिए आठ हजार रुपये की मांग की। आरोपियों ने रंगदारी वसूलने के लिए वहां के प्रवेश द्वार के सामने अपनी इनोवा कार खड़ी कर दी थी और वाहनों का रास्ता रोक दिया था। १ अक्टूबर से २७ अक्टूबर के बीच यह सिलसिला शुरू रहा। दोनों ने फिरौती न देने पर शिकायतकर्ता और उसके सुपरवाइजर को जान से मारने की धमकी दी। हालाँकि, उसके बाद, शिकायतकर्ता ने नवघर पुलिस स्टेशन का रुख किया और सतीश और चंद्रसेन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस केस की छानबीन में जुट गई है।

Helpline

सिटीजन रिपोर्टर
78956 78956

होम केबल
022 - 6614 6060

होम नेट
022 - 6621 1333
customerservice@homenet.net

होम टाइम्स
022 - 6614 6050
write2us@hometimes.in

विज्ञापन दें
होम टाइम्स
और
होम केबल
78957 78957
homecableads@gmail.com

उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें



## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना

साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानून या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक




'सुजोक'




डॉ. मोनिशा रावत

# लो इम्यूनिटी-मौसमी बदलाव के दौरान...

## बिना दवाई और बिना किसी साइड इफेक्ट के इम्यूनिटी मजबूत और बूस्ट करना

### जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उन्हें सीजनल फ्लू का खतरा ज्यादा होता है

जैसे-जैसे मौसम बदलता है, हम अपने आस-पास कई लोगों को, कम इम्यूनिटी के कारण सर्दी, फ्लू और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित देखते हैं। इसलिए अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाये रखना अति आवश्यक है क्योंकि इनफेक्शन और अन्य बीमारियों से बचने का हमारे शरीर का यह एक महत्वपूर्ण डिफेन्स सिस्टम है। साथ ही यह समग्र स्वास्थ्य और हालचाल को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है।

हमारे 'मोनिशाज मंत्रा' में हम लोगों को उनकी इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करते है साथ ही उनके इनफेक्शन और हेल्थ इश्यु को बिना किसी दवा के निम्नलिखित तरीके से इलाज करते है।

१. सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण है, संतुलित आहार लेना।

२. विशेषज्ञों का विश्वास है कि पोषक (न्युट्रीयंट) तत्व सप्लीमेंट लेने की बजाय संतुलित आहार के जरिये/ स्रोतों से शरीर अधिक कुशलता से उसे




अवशोषित करता है। प्लांट बेस्ड आहार खाना, जिनमें एंटीऑक्सीडेंट होते है जो सूजन कम कर सकते है और इम्युनिटी को बढ़ावा देते हैं।

३. रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और सफेद चीनी का सेवन सीमित करना।

४. धुम्रपान छोड़ना।

५. शरीर को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखना।

६. पर्याप्त नींद लेना।

७. नियमित व्यायाम करना, जिससे शरीर का स्वस्थ वजन बनाए रखने से मदद मिलती है साथ ही सूजन में कमी के साथ-साथ हेल्दी इम्यून सिस्टम बनाये रखने में भी मदद मिलती है।

८. स्ट्रेस, इम्यूनिटी कम करने का एक महत्वपूर्ण कारण है इसलिए नियमित स्माईल मेडिटेशन और स्माइल ताई-जी द्वारा स्ट्रेस लेवल कम किया जा सकता है।




### इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड़ वर्कशाप शेड्युल

१. ऑनलाइन-सुजोक-बेसिक (लेवल -I) 29/11 to 08/12/2023
२. रेसिडेंशियल, मेरिडियन सुजोक Ki (लेवल -II) 2/12 to 4/12/2023
३.ऑफलाइन-सुजोक-बेसिक Ki (लेवल -I) 09/12 to 11/12/2023
४. ऑनलाइन -मेरिडियन सुजोक- Ki (लेवल -II) 18/12 to 28/12/2023
LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.

### सुजोक थैरापी




अ) हाथ के किसी भी उंगुली के मध्य जोड़ के नीचे, अंदरूनी हिस्से पर डायगनोस्टिक प्रोब द्वारा लिव्हर और स्पलीन (प्लीहा) के पाइंट का पता लगाकर मालिश करना। इस ॲक्यूप्रेशर को प्रतिदिन एक मिनट के लिए २-३ बार करना (चित्र १ में दर्शायेनुसार)




ब) रात को सोने से पहले, चिपकाने वाले टेप पर दो सूखे हरे मटर के दाने लगाकर लीवर और स्प्लीन (प्लीहा) के उत्तेजित पॉइंट पर चिपकाना (चित्र २ में दर्शाये अनुसार)

**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक 'मोनिशाज मंत्रा'मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैरापी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार 'सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी'. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल -** I, II, III & IV
**Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019**
**NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19**
**Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR**
**Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS**
**Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times**
**An ISO Certified Centre at Mumbai**
**Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592**





# राशिफल

Saturday, 4th Nov to 10th Nov 2023


२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्रॉंड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्शु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.
+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com




■ **मेष** (अ, ल, इ)
**भविष्यवाणी:** आप वित्त संबंधी निर्णय नहीं ले पाएंगे और अनेक विचारों के कारण भ्रमित रहेंगे।
**सलाह:** १) ध्यान आपकी मदद करेगा। अपनी श्वास पर ध्यान केंद्रित करें। २) ज्यादा बात न करें और कुछ समय अकेले रहने की कोशिश करें। ३) अपने संतुलन पर ध्यान दें।





■ **कर्क** (ड, च, ह)
**भविष्यवाणी:** आप जिसके लिए प्रयास करेंगे वही आपको मिलेगा। कोई आपको गुमराह करने की कोशिश करेगा।
**सलाह:** १) उन लोगों पर भरोसा न करें जो बहुत मीठी बातें करते हैं। २) संतुष्टि आपको अधिक पाने में मदद करेगी। ३) अपने ज्ञान पर ध्यान दें।




■ **तुला** (र, त)
**भविष्यवाणी:** आपकी संतुष्टि से आपको मानसिक शांति मिलेगी और आप बहुत अच्छे से काम करेंगे। **सलाह:** १) अपना सामान अपने प्रियजनों के साथ साझा करें।२) पढ़ने से आपको मदद मिलेगी इसलिए आप जो पढ़ते हैं उसे पढ़ें और समझें। ३) अपने लाभ पर ध्यान दें।




■ **मकर** (ख, ज)
**भविष्यवाणी:** आप कई मामलों में खुद को शक्तिशाली महसूस करेंगे और लोग आपका समर्थन करेंगे।
**सलाह:** १) अपने पुराने कपड़े जरूरतमंद लोगों को दान करें। २) गुलाबी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने लक्ष्य पर ध्यान दें।




■ **वृषभ** (ब, व, य)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आप बहुत सकारात्मक सोचेंगे लेकिन कार्य करते समय आपकी ईर्ष्या आपको परेशान करेगी।
**सलाह:** १) अपने मानसिक अवरोधों से मुक्त होने का प्रयास करें। २) अपने आसपास के लोगों की निस्वार्थ भाव से मदद करें। ३) अपने आत्मसम्मान पर ध्यान दें।





■ **सिंह** (म, ट)
**भविष्यवाणी:** आप किसी भी चीज़ या व्यक्ति से खुश नहीं रहेंगे। आप बंधा हुआ महसूस करेंगे। **सलाह:** १) किसी पवित्र स्थान या मंदिर के दर्शन करें। २) पक्षियों या जानवरों को खाना खिलाने से आपको मदद मिलेगी। ३) अपने नए विचारों पर ध्यान दें।




■ **वृश्चिक** (न, य)
**भविष्यवाणी:** आप जो चाहते हैं वह आपको मिलेगा और कोई छिपा हुआ सच किसी के द्वारा उजागर हो जाएगा।
**सलाह:** १) लोगों की बात ध्यान से और स्पष्ट रूप से सुनें। २) अपना काम स्वयं करें। किसी पर भरोसा न करें। ३) अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान दें।




■ **कुंभ** (ग, स, श)
**भविष्यवाणी:** आप कई बार भ्रमित होंगे। सफलता तो मिलेगी लेकिन कुछ अतिरिक्त दबाव के साथ।
**सलाह:** १) कुछ भी नया करने से पहले दो बार सोचें। २) लाल रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने प्यार और देखभाल पर ध्यान दें।





■ **मिथुन** (क, च, ज)
**भविष्यवाणी:** आपको अपने काम में संतुष्टि मिलेगी और आपके प्रयासों का परिणाम अच्छा होगा।
**सलाह:** १) अपना समय और ऊर्जा बर्बाद न करें। २) जिन लोगों से आप मिलते हैं उन्हें सांत्वना देने का प्रयास करें। ३) अपने बदलावों पर ध्यान दें।




■ **कन्या** (प, ठ, ण)
**भविष्यवाणी:** आप अपनी पिछली गलतियों को सुधारने के लिए काफी मजबूत होंगे और इससे आपको बहुत मदद मिलेगी। **सलाह:** १) आपको परिस्थितियों को समझने का प्रयास करना चाहिए। २) जिस पर आपको भरोसा हो उससे सलाह लें। ३) अपनी इच्छा शक्ति पर ध्यान दें।




■ **धनु** (भ, ड, फ, ठ)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह धन में कुछ सुधार होगा और आपका दृष्टिकोण आपकी मदद करेगा।
**सलाह:** १) नकारात्मक होने पर अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। २) पीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने काम पर ध्यान दें।




■ **मीन** (द, च, झ)
**भविष्यवाणी:** मानसिक शांति और संतुष्टि पाने का कोई बेहतर तरीका आपको मिलेगा।
**सलाह:** १) बहस से बचें और लोगों की राय समझने की कोशिश करें। २) गहरे नीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने विश्वास पर ध्यान दें।

# सौतेली मां बनी हैवान, बच्चे को देती थी अगरबत्ती के चटके

## नवघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

■ **होम टाइम्स टीम**

मां की ओर से अपने १० साल के बच्ची को लकड़ी के छड़ी से मारने और अगरबत्ती के चटके देने का दिल दहलाने वाला मामला नवघर में उजागर हुआ है। नाबालिग बच्ची पर हो रहे अत्याचार के चलते जुवेनाइल एक्ट के तहत नवघर पुलिस की ओर से मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

मिल रही जानकारी के अनुसार ३३ वर्षीय शिकायतकर्ता अर्जुन (बदला हुआ नाम) मुलुंड पूर्व का रहिवासी है और कपड़े का व्यवसाय करता है। २०१६ में अर्जुन का अपनी पहली पत्नी लीला (बदला हुआ नाम) के साथ डिवोर्स हो गया था। अर्जुन ने ३६ वर्षीय महिला रूपा (बदला हुआ नाम) के साथ अपनी दूसरी शादी कर ली थी। रूपा का भी अपने पति समीर (बदला हुआ नाम) के ७ वर्ष २०१८ में डिवोर्स हो गया था। अर्जुन को अपने पहले पत्नी लीला से एक लड़की और रूपा को अपने पहले पति समीर से १० साल की लड़की थी। अर्जुन और रूपा दोनों ही खुशी-खुशी अपने बच्चियों के साथ मिलजुल कर रहते थे। परंतु बीते कुछ महीनों से अर्जुन और रूपा की छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई होती थी। इसको लेकर रूपा ने सितंबर महीने में नवघर पुलिस स्टेशन में लिखित जवाब भी दिया था। हालांकि कुछ दिन भी जाने के बाद शिकायतकर्ता को पता चला कि रूपा शिकायतकर्ता की बेटी को बेवजह छड़ी से मारती थी और अगरबत्ती के चटके भी देती थी। जिसके बाद इस तरीके की प्रताड़ना को लेकर शिकायतकर्ता अर्जुन ने नवघर पुलिस स्टेशन में जाकर रूपा के खिलाफ कंप्लेंट दर्ज करवाया। नवघर पुलिस ने रूपा के खिलाफ आईपीसी की धारा ५०६, ३२४ और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की अधिक जांच की जा रही है।

# कुछ घंटो के भीतर ही ऑनलाइन ठगे हुए पैसे को किया गया फ्रीज

## मुलुंड पुलिस की ओर से कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शिकायतकर्ता को लौटाए गए पैसे

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड पुलिस की तत्परता के चलते ऑनलाइन स्कैम में गवाएं हुए २ लाख रुपए में से ७५ फीसदी पैसे शिकायतकर्ता को लौटा दिए गए। जिसके चलते पीड़ित की तरफ से मुलुंड पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है।

मिल रही जानकारी के अनुसार २८ वर्षीय साक्षी केडिया मुलुंड की रहिवासी है। कुछ दिनों पहले शिकायतकर्ता को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के चलते ओटीपी भेजकर उसे २ लाख रुपए की ठगी की गई थी। इस घटना के बाद शिकायतकर्ता को पता चला कि यह २ लाख रुपये किसी अन्य व्यक्ति के एमपीएल अकाउंट में जमा किए गए है। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने तुरंत मुलुंड पुलिस स्टेशन में जाकर घटना की जानकारी दी और चंद मिनटों के अंदर ही इस ट्रांजैक्शन को फ्रिज कर दिया गया। जिसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर २ लाख रुपए में से १ लाख ५० हजार रुपए शिकायतकर्ता को लौटा दिए गए। इस काम के लिए शिकायतकर्ता की ओर से मुलुंड पुलिस का आभार भी व्यक्त किया गया। परिमंडल ७ के पुलिस उपायुक्त पुरुषोत्तम कराड और सहायक पुलिस आयुक्त रवींद्र दलवी के मार्गदर्शन के साथ-साथ मुलुंड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कांतिलाल कोथिंबीरे के नेतृत्व में मुलुंड साइबर सेल के पुलिस उप निरीक्षक शिवानंद आपूने, पुलिस उप निरीक्षक अमोल बोरसे पुलिस हवलदार उरणकर, पुलिस शिपाई कंगने, और महिला पुलिस सिपाही गायकर की तत्परता के चलते शिकायतकर्ता को उसके पैसे वापस लौटा दिए गए।

# ऑनलाइन टास्क के नाम पर युवक ने पांच लाख रुपये गंवा दिए

■ **होम टाइम्स टीम**

मुंबई में फ़िलहाल एक क्लिक पर पैसा कमाने का चलन शुरू है। इसका फायदा साइबर अपराधी उठा रहे हैं। जिससे ये अपराधी लाखों रुपये लूट रहे हैं। मुलुंड में एक बार फिर ऐसी ही स्थिति सामने आई है। ऑनलाइन दिए गए कार्यों को पूरा करने के बदले अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के लालच में एक युवक को पांच लाख से अधिक की चपत लग गई।

मुलुंड के रहने वाले तपन ठक्कर को भावेशा नामक महिला के नाम से टेलीग्राम साइट से एक संदेश मिला। उस मैसेज में लिखा था कि अगर आप पार्ट टाइम पैसे कमाना चाहते हैं तो इस लिंक पर क्लिक करें। जैसे ही उन्होंने इस लिंक पर क्लिक किया, उनसे अपना बैंक विवरण भरने को कहा गया। इसके बाद उन्हें १५० रुपये का टास्क दिया गया। टास्क में १५० रुपये देने के बाद टास्क पूरा होने पर उसके खाते में ५०० रुपये क्रेडिट कर दिये गए। फिर उन्हें दूसरा काम दिया गया ,जिसमें उनसे एक हजार रुपये भरने को कहा गया। इस काम में एक हजार रुपये लगाने के बाद उन्हें १५०० रुपये वापस मिले। फिर तपन को मर्चेंट का टास्क दिया गया। एक टास्क जिसमें भिन्न-भिन्न कार्य थे। इसके लिए उनसे तीन हजार रुपये निवेश करने को कहा गया। इस कार्य को पूरा करने के बाद उन्हें ८००० रुपये का लाभ हुआ। इसके बाद उन्हें इस पूरे कार्य की प्रक्रिया पर विश्वास हो गया। तो इसके बाद उनसे कहा गया कि उन्हें सात से आठ दिन का टास्क दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें टेलीग्राम चैनल पर टास्क में जोड़ा गया था। जिसमें उनसे चरणों में भुगतान करने को कहा गया। इस हिसाब से उन्होंने इस काम के लिए पांच लाख बत्तीस हजार ८४७ रुपये का निवेश किया। लेकिन उसके बाद भावेशा नाम की महिला ने उसके साथ हुई चैट को डिलीट कर दिया। यह देखकर तपन उससे संपर्क करने की कोशिश करता है। लेकिन कहा गया कि उनका अकाउंट डीएक्टिवेट कर दिया गया है। आखिरकार तपन को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है। इसलिए उन्होंने १५ अक्टूबर २०२३ को साइबर पुलिस में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। घटना की सत्यता जांचने के बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

CALL CENTER
**022 66211333**

E-MAIL ID
**customerservice@homenet.net**

FACEBOOK MESSENGER
**HomeNet / @homenet.net**

**Facebook Messenger Scan Code:**
To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

**HOME NET**
**www.homenet.net**

WOW!
DOUBLE MAZZA!!
uploads & downloads
at same speed, since 2010
now @ ₹194/-*

Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free

67 PE OFFER

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED
99% UPTIME

- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 PE OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

HOME FIBER
powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO
NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH
ZERO INSTALLATION COST **
For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

### HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps

** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS
INTRODUCTORY OFFER
IN YOUR SOCIETY
PLEASE COME TO US WITH
A MINIMUM GROUP OF
15 CONNECTIONS

SYMMETRIC SPEED
SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS
EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION
FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS
NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**
Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**
Download on the App Store | GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL
**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**
**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply

Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times** (Office): - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**